**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–28 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के गोरखपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की आयुष विश्वविद्यालय एवं एमजीयूजी में तैयारियों की समीक्षा। कहा–राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट मिसाल करें प्रस्तुत।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूथ अड्‌डा मंच और सीएम युवा मोबाइल ऐप का किया शुभारम्भ। कहा– विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिये उत्तर प्रदेश ने उठाये हैं महत्वपूर्ण कदम।
- प्रदेश में अब चार घंटे के अन्दर होगा पोस्टमार्टम। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिये निर्देश।
- आज से प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश के आसार। कई स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा का अनुमान।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दोपहर एक दिवसीय दौरे के तहत गोरखपुर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक जुलाई को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों पिपरी में लोकार्पित होने वाले राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के उद्घाटन समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें।

***राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के गोरखपुर आगमन से पूर्व कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विश्वविद्यालय परिसर का हवाई सर्वेक्षण किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में राष्ट्रपति के आगमन से जुड़ी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक भी की। बैठक में उन्होंने कहा कि लोकार्पण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में तनिक भी चूक की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में एक जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन और उनके कार्यक्रमों से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चार साल के अंतराल पर विश्वविद्यालय में दूसरी बार राष्ट्रपति का आगमन होने जा रहा है। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के सानिध्य में हुए कार्यक्रम की तरह ही समारोह को भव्य बनाया जाए। राष्ट्रपति एमजीयूजी में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम और पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। समाचार कक्ष से विवेक सिंह***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर लखनऊ में यूथ अड्डा मंच और सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारंभ और बरेली व मुरादाबाद के लिये 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश को अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

***प्रदेश के अंदर एमएसएमई सेक्टर की जो संभावनाएं है ये देश के अंदर सबसे ज्यादा है। शेयर की देश से देखेंगे चौदह फीसदी एमएसएमई उप के पास संख्या की दृश्य से देखेंगे लगभग नब्बे लाख से ऊपर है और उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसने अपनी एमएसएमई यूनिट को एक सुरक्षा कवच भी दिया है। पाँच लाख रुपए का सुरक्षा कवच रजिस्ट्रेशन कराने मात्र भर से उसे प्राप्त हो जाता है।***

मुख्यमंत्री ने बताया कि सीएम युवा ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। इसी क्रम में जनपद वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को गति देने का कार्य उद्यमी कर रहे हैं इसमें कल कारखाने में निर्मित होने वाले उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**********

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल वाराणसी में नगर निगम के सामने शहीद पार्क में सूचना विभाग की ओर से लगाई गई आपातकाल से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा कि केवल अपनी सत्ता बचाने के लिए आपातकाल का इस्तेमाल किया गया।

***वो काले दिन याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। अपनी सत्ता बचाने की चाहत में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया। औचित्य क्या था, कारण क्या था, न बाहर सुरक्षा को खतरा था, ना आंतरिक सुरक्षा को खतरा था। खतरा था तो केवल प्रधानमंत्री की कुर्सी पर खतरा था।***

उधर, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने झांसी में कहा कि 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो गये है। भारतीय इतिहास के पन्नों में यह एक ऐसा काला अध्याय है जो इतिहास से कभी मिटाया नहीं जा सकता।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

**********

केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम्य भारत ऐप को नया रूप दिया है। उन्नत सुविधाओं में उपयोगकर्ताओं को कम समय में सहायता करने के लिए एआई संचालित चैटबॉट और विकलांग व्यक्तियों के लिए सरकारी योजनाओं और अन्य मूल्यवान संसाधनों का एकीकरण शामिल है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2021 में इस ऐप को लॉन्च किया था।

**********

उपमुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम को लेकर नई गाइड लाइन जारी की हैं। प्रदेशभर में नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब शव का पोस्टमार्टम अधिकतम चार घंटे में करना होगा, जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं, वहां सीएमओ दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस कार्य को कराएंगे, ताकि लोगों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल कानपुर नगर में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने आपात काल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा।

***पचास साल पहले कांग्रेस ने इस देश में आपातकाल को थकने का काम किया था और कांग्रेस को छोड़ कर के संपूर्ण विपथ आपातकाल के खिलाफ लड़ाई लड़ा जेल गया और लंबे संघर्ष से कई महीने के संघर्ष के बाद इस देश को आपातकाल से मुक्ति मिली।***

**********

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा कल से शुरू हो गई। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी कल भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन किया गया। राजधानी लखनऊ के पश्चिमी क्षेत्र में रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वाराणसी में भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भगवान के रथ को खींचकर यात्रा की शुरुआत की। गोरखपुर, मथुरा और अयोध्या में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के माहौल में निकाली गई।

**********

मोहर्रम का महीना कल से शुरू हो गया है। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत यौम ए आशूरा छह जुलाई को मनाया जाएगा। नौ दिवसीय मजलिसों का दौर शुरू हो गया। सुन्नी समुदाय शहीदों की याद में जलसों का आयोजन कर रहा है। प्रदेश में मोहर्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं। राजधानी लखनऊ में मोहर्रम क्षेत्र को पांच जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है।

**********

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला अभिरूचि कार्यशाला–2025 का समापन तथा राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का पुनः लोकार्पण किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रेक्षागृह को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ भव्य रूप देकर फिर से इसका उद्घाटन किया गया है।

**********

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता के बीच आज से विभिन्न जनपदों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आज से प्रदेश में बारिश की तीव्रता तेज हो जाएगी और कई जगहों पर मध्यम से भारी वर्षा का पूर्वानुमान है। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना हुआ कम दबाव का क्षेत्र था, वो धीरे धीरे कमजोर पड़ गया है और उसके कमज़ोर पड़ने के साथ ही सीजनल ट्रफ उत्तरी दिशा में आगे बढ़ेगा। जिसके कारण आज से प्रदेश में वर्षा में बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगी।

**********